भारत सरकार	**लोक सभा**
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय	**अतारांकित प्रश्न सं.4896**
वाणिज्य विभाग	

दिनांक 01 अप्रैल, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

बागवानी फसलों का निर्यात

4896. श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी:

श्री बी. के. पार्थसारथी:

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश से निर्यात की गई प्रमुख बागवानी फसलों और उनके उत्पादों की कुल मात्रा और मूल्य का वर्षवार, फसलवार और राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान भारत में आयात की गई प्रमुख बागवानी फसलों और उनके उत्पादों की कुल मात्रा और मूल्य का वर्षवार, फसलवार और राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान भारत से किन प्रमुख देशों को बागवानी फसलों का निर्यात किया गया है **और** उनका वर्षवार, फसलवार तथा राज्यवार ब्यौरा क्या है; और

(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान भारत में किन प्रमुख देशों से बागवानी फसलों का आयात किया गया है और उनका वर्षवार, फसलवार तथा राज्यवार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क) से (घ): सरकार भारत से कुल कृषि निर्यात का रिकॉर्ड रखती है। राज्यों के निर्यात के आंकड़े निर्यातकों द्वारा शिपिंग बिलों में बताए गए उत्पत्ति राज्य कोड के आधार पर संकलित किए जाते हैं। अत:, कृषि वस्तुओं के निर्यात का राज्यवार आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, क्योंकि यह डीजीसीआईएंडएस द्वारा प्रमाणित नहीं है।

पिछले पांच वर्षों के दौरान मूल्य और मात्रा के संदर्भ में प्रमुख बागवानी फसलों के निर्यात का विवरण निम्नवत है:

भारत से प्रमुख बागवानी फसलों का निर्यात										
उत्पाद	मूल्य मिलियन अमरीकी डॉलर में					मात्रा मीट्रिक टन में				
	2019-20	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**
ताज़ा फल	770.25	768.54	877.22	864.62	1,146.62	834.84	973.18	1,166.44	1,096.09	1,438.57
ताज़ी सब्जियां	651.68	723.97	815.26	926.43	890.96	1,930.51	2,339.68	2,468.4	3,383.59	2,686.09
फल और सब्जियों के बीज	109.24	125.16	113.34	118.42	132.89	19,221.69	32,285.42	20,989.49	21,445.76	17,711.89
फूलों की खेती	76.52	77.84	103.61	88.46	86.7	16,949.41	15,695.02	23,695.48	21,052.79	19,674.47
कुल	**1,607.69**	**1,695.51**	**1,909.43**	**1,997.93**	**2,257.17**	**38,936.45**	**51,293.3**	**48,319.81**	**46,978.23**	**41,511.02**
										स्रोत: डीजीसीआईएस

सरकार भारत में कुल कृषि आयात का रिकॉर्ड रखती है। इस प्रकार, कृषि वस्तुओं के आयात का राज्यवार आंकड़ा डीजीसीआईएंडएस द्वारा नहीं रखा जाता है। पिछले पांच वर्षों के दौरान भारत में आयातित प्रमुख बागवानी फसलों और उनके उत्पादों की कुल मात्रा और मूल्य का विवरण निम्नवत है:

भारत द्वारा प्रमुख बागवानी फसलों का आयात										
उत्पाद	मूल्य मिलियन में					मात्रा मीट्रिक टन में				
	2019-20	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**
ताज़ा फल	1,993.14	2,131.21	2,460.33	2,483.95	2,734.97	993.73	1,211.83	1,552.49	1,549.87	1,788.63
ताज़ी सब्जियां	83.46	30.5	18.48	5.35	14.65	150.1	72.9	45.99	18.15	36.04
फल और सब्जियों के बीज	120.43	142.93	140.04	148.84	168.22	17,775.56	24,983.61	19,761.89	27,364.29	21,697.19
फूलों की खेती	32.53	21.72	34.62	35.6	34.95	7,197.29	3,959.21	6,235.88	8,895.17	10,416.83
कुल	**2,229.56**	**2,326.36**	**2,653.48**	**2,673.74**	**2,952.79**	**26,116.68**	**30,227.56**	**27,596.25**	**37,827.48**	**33,938.69**
										स्रोत: डीजीसीआईएंडएस

पिछले पांच वर्षों के दौरान जिन प्रमुख देशों को भारत से बागवानी फसलों का निर्यात किया गया है; उनका विवरण निम्नवत है:

प्रमुख बागवानी फसलों के लिए भारत के शीर्ष निर्यात गंतव्य					
रैंक	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**
1	संयुक्त अरब अमीरात	बांग्लादेश	बांग्लादेश	संयुक्त अरब अमीरात	संयुक्त अरब अमीरात
2	बांग्लादेश	संयुक्त अरब अमीरात	संयुक्त अरब अमीरात	बांग्लादेश	बांग्लादेश
3	नीदरलैंड	नीदरलैंड	नेपाल	नीदरलैंड	नीदरलैंड
4	नेपाल	नेपाल	नीदरलैंड	नेपाल	नेपाल
5	मलेशिया	मलेशिया	मलेशिया	मलेशिया	यूएसए
					स्रोत: डीजीसीआईएंडएस

पिछले पांच वर्षों के दौरान जिन प्रमुख देशों से भारत में बागवानी फसलें का आयात किया गया है, उनका विवरण निम्नवत है:

प्रमुख बागवानी फसलों के लिए भारत के शीर्ष आयातक देश					
रैंक	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**
1	यूएसए	यूएसए	यूएसए	यूएसए	यूएसए
2	अफ़ग़ानिस्तान	अफ़ग़ानिस्तान	अफ़ग़ानिस्तान	अफ़ग़ानिस्तान	अफ़ग़ानिस्तान
3	संयुक्त अरब अमीरात	संयुक्त अरब अमीरात	ईरान	संयुक्त अरब अमीरात	संयुक्त अरब अमीरात
4	ईरान	ईरान	संयुक्त अरब अमीरात	ईरान	ईरान
5	चिली	इराक	चिली	चिली	चिली
					स्रोत: डीजीसीआईएंडएस

*****